# चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की भूमिका

## प्रिलिम्स के लिये:

CDS, थियेटर कमांड।

## मेन्स के लिये:

CDS का महत्त्व, CDS सुधारों पर पुनर्विचार।

## चर्चा में क्यों?

सरकार द्वारा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ **(CDS) के पद तथा सैन्य मामलों के विभाग (DMA)** की अवधारणा का पुनर्मूल्यांकन किये जाने के साथ ही इनकी स्थापना को कारगर बनाने पर विचार किया जा रहा है।

- CDS एक 'फोर स्टार जनरल/ऑफिसर' है जो सभी तीनों सेवाओं (थल सेना, नौसेना और भारतीय वायु सेना) के मामलों में रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करता है।

## चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की भूमिका:

- CDS 'चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी' के स्थायी अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है जिसमें तीनों सेवाओं के प्रमुख भी सदस्य होंगे।
    - उसका मुख्य कार्य भारतीय सेना की त्रि-सेवाओं के बीच अधिक-से-अधिक परिचालन तालमेल को बढ़ावा देना और अंतर-सेवा विरोधाभास को कम-से-कम रखना है।
- वह रक्षा मंत्रालय में नवनिर्मित सैन्य मामलों के विभाग (DMA) का प्रमुख भी है।
    - वह सेना के तीनों अंगों के मामले में रक्षा मंत्री के प्रमुख सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करेगा, लेकिन इसके साथ ही तीनों सेनाओं के अध्यक्ष रक्षा मंत्री को अपनी सेनाओं के संबंध में सलाह देना जारी रखेंगे।
    - DMA के प्रमुख के तौर पर CDS को चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष के रूप में अंतर-सेवा खरीद निर्णयों को प्राथमिकता देने का अधिकार प्राप्त है।
- CDS को तीनों प्रमुखों को निर्देश देने का अधिकार भी दिया गया है।
    - हालाँकि उसे किसी भी सेना के कमांड का अधिकार प्राप्त नहीं है।
- CDS का पद समकक्षों में प्रथम है, उसे DoD (रक्षा विभाग) के भीतर सचिव का पद प्राप्त है और उसकी शक्तियाँ केवल राजस्व बजट तक ही सीमित रहेंगी।
- वह परमाणु कमान प्राधिकरण (NCA) में सलाहकार की भूमिका भी निभाएगा।

## CDS का महत्त्व:

- **सशस्त्र बलों और सरकार के बीच तालमेल: CDS की भूमिका केवल त्रि-सेवा सहयोग ही नहीं है, बल्कि रक्षा मंत्रालय, नौकरशाही और सशस्त्र सेवाओं के बीच बेहतर सहयोग को बढ़ावा देना है।**
    - वर्ष 1947 से रक्षा विभाग (DoD) के "संलग्न कार्यालय" के रूप में नामित त्रि-सेवा मुख्यालय (SHQ) हैं।
    - इसके कारण SHQ और DoD के बीच संचार मुख्य रूप से फाइलों के माध्यम से होता है।
    - रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार (PMA) के रूप में CDS की नियुक्ति से निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेज़ी आएगी।
- **संचालन में संलग्नता:** चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (CDS के पूर्ववर्ती), निष्क्रिय रहेगी, क्योंकि इसकी अध्यक्षता तीन प्रमुखों में से एक द्वारा अंशकालिक रोटेशन के आधार पर की जाती है।
    - ऐतिहासिक रूप से COSC के अध्यक्ष के पास अधिकार के साथ-साथ तीनों सेवाओं की भूमिका से संबंधित विवादों को निपटाने की क्षमता का अभाव था।
    - CDS को अब "COSC के स्थायी अध्यक्ष" के रूप में नामित किया गया है, वह त्रि-सेवा संगठनों के प्रशासन पर समान रूप से ध्यान देने में

सक्षम होगा।

- **[थयिटर कमांड](#) का संचालन:** DMA के नरि्माण से संयुक्त/थयिटर कमांड के संचालन में आसानी होगी।
  - यद्यपि [अंडमान और नकिोबार कमान](#) में संयुक्त संचालन के लयि एक सफल ढाँचा बनाया गया था, राजनीतकि दशिा की कमी और COSC की उदासीनता के कारण यह संयुक्त कमान नष्कि्रयि बना हुआ है।
  - थयिटर कमांड को थल सेना, नौसेना और वायु सेना को तैनात करने के लयि ज्ञान और अनुभव से युक्त कर्मचारयिों की आवश्यकता होगी। इन उपायों के अलाभकारी प्रभावों को देखते हुए उन्हें CDS द्वारा सर्वोत्तम रूप से लागू कयिा जाएगा।
- **CDS** परमाणु कमांड शृंखला में एक प्रमुख अधकिारी के रूप में [सामरकि बल कमांड](#) को भी प्रशासति करेगा।
  - यह उपाय भारत के परमाणु नविारक वश्विसनीयता को बढ़ाने के क्रम में एक लंबा मार्ग तय करेगा।
  - CDS [भारत की परमाणु नीत](#)ि की समीक्षा भी करेगा।
- **घटते रक्षा बजट** के कारण आने वाले समय में CDS का एक महत्त्वपूर्ण कार्य व्यक्तगित सेवाओं के पूंजी अधग्रिहण प्रस्तावों को "प्राथमकिता" देना होगा।
  - CDS को यह सुनश्चिति करना होगा कि **"रक्षा व्यय" का उपयोग** वविकपूर्ण तरीके से राष्ट्रीय सैन्य शक्ति के लयि महत्त्वपूर्ण मानी जाने वाली युद्ध-क्षमताओं को वकिसति करने पर कयिा जाए; न कि सेवा मांगों की पूर्ति पर।

## सीडीएस की भूमकिा पर पुनर्वचिार की आवश्यकता:

- यह अनुभव कयिा गया है कि केवल **CDS की नयिुक्ति** कर देना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि इसमें भूमकिाओं और ज़म्मिेदारयिों के संबंध में स्पष्टता व इनके मध्य समानता जैसे अन्य मुद्दे भी नहिति हैं।
- CDS द्वारा धारति कयि जाने वाले कई **पदों पर अस्पष्टता के साथ ही उनकी भूमकिाओं और ज़म्मिेदारयिों को लेकर भी द्वंद्व** की स्थति विद्यिमान है, साथ ही DMA एवं DoD के बीच ज़म्मिेदारयिों के मामले में भी अतव्यिाप्ति की स्थति है।
- थयिटर कमांड के गठन के लयि नर्धिारति महत्त्वाकांक्षी समय-सीमा और कमांड की संख्या एवं उनके **परकिल्पति प्रारूप पर भी पुनर्वचिार** कयिा जा रहा है।

## थयिटर कमांड पर प्रगत:ि

- **CDS को भारतीय सशस्त्र बलों को एकीकृत थयिटर कमांड में पुनर्गठति करने का काम सौंपा गया है,** यह 75 वर्षों में सबसे बड़ा सैन्य पुनर्गठन होगा जो तीनों सेवाओं के एक साथ काम करने के तरीके को मौलकि रूप से बदल देगा।
- तीनों सेनाओं के उप प्रमुखों ने थयिटर कमांड- भूमि आधारति पश्चमिी और पूर्वी थयिटर कमांड, समुद्री थयिटर कमांड तथा एकीकृत वायु रक्षा कमांड पर व्यापक अध्ययन कर यह नष्किर्ष नकिाला कि **सेना की उत्तरी कमान को कुछ समय के लयि बाहर रखा जाएगा एवं बाद में एकीकृत कर लयिा जाएगा**।
- हालाँकि **कई मुद्दों पर असहमति की स्थति बिनी रहती है जसिमें वायु रक्षा कमान के बारे में वायु सेना के आरक्षण और थयिटर कमांड के नामकरण एवं रोटे**शन सहति अन्य शामलि हैं।
- इस संबंध में अतरिक्ति अध्ययन कयि जाने का आदेश दयिा गया था जो अभी भी जारी है लेकनि **CDS** की अनुपस्थति में और असहमति के कारण समग्र प्रक्रयिा रुक गई है।

## आगे की राह

- CDS को संचालन शक्तयिों के साथ नयिुक्त कयि जाने की आवश्यकता है ताकि उचति वधिायी परवर्तिनों के बाद थयिटर कमांडर इसे रपिोर्ट करेंगे, जबकि सेवा प्रमुख संबंधति सेवाओं के उत्थान, प्रशक्षिण और कार्यों की देखरेख करेंगे।
- केवल CDS की नयिुक्ति कर देना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि इसके साथ भारत को अपने सशस्त्र बलों को उन्नत करने के लयि व्यापक सुधार की ज़रूरत है ताकि वह 21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतयिों का सामना कर सके।

## स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/role-of-the-chief-of-defence-staff